# कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर (म.प्र.)

## सूर्या फाउण्डेशन द्वारा संचालित

## जनजातीय कार्य विभाग , म.प्र

## कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु

### // प्रवेश विज्ञप्ति //

KSP/SF/2025-26/017 सीहोर, दिनांक - 29/04/2025

जनजातीय कार्य विभाग (मध्य प्रदेश स्पेशल एंड रेसिडेंशियल एकेडमिक सोसायटी) द्वारा संचालित विशिष्ट आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित में सत्र 2025-26 हेतु, सी.बी.एस.ई. (हिंदी माध्यम) पाठ्यक्रम अंतर्गत कक्षा 11वीं (विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय) में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। प्रवेशित विद्यार्थियों को आवास, भोजन, पोषण आहार, प्रसाधन सामग्री, पाठ्य पुस्तकें, गणवेश आदि समस्त सुविधाएँ निःशुल्क प्रदान की जाएंगी।

**पात्रता हेतु आवश्यक शर्तें:-**

1. अनुसूचित जनजाति वर्ग, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति, विमुक्त जनजाति, घुमक्कड़ एवं अर्ध-घुमक्कड़ समुदाय (DNT/NT/SNT) की छात्राएँ आवेदन कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त, वे छात्राएँ भी पात्र हैं जिन्होंने अपने माता-पिता को वामपंथी उग्रवाद, कोविड-19 आदि के कारण खो दिया हो, अथवा विधवा की संतान, दिव्यांग माता-पिता की संतान, अनाथ अथवा भूमिदाता (जिन्होंने विद्यालय भवन निर्माण हेतु भूमि दान की हो) वर्ग से संबंधित हों।
2. आवेदक का हितग्राही प्रोफाइल (MPTASS पोर्टल पर) पंजीकृत होना अनिवार्य है।
3. आवेदन पत्र के साथ विगत परीक्षा की अंकसूची की सत्यापित प्रति एवं स्थाई जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
4. विद्यालय सी.बी.एस.ई. (हिंदी माध्यम) से संचालित है अत: सी.बी.एस.ई. बोर्ड के अभ्यार्थियों को प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी।
5. प्रवेश के लि ए छात्रा की हितग्राही प्रोफाईल, डिजिटल जाति व आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आई डी, गत वर्ष उत्तीर्ण कक्षा की अंक सूची, बैंक पासबुक की फोटो कॉपी, विद्यार्थी की 4 फोटो एवं माता-पिता की 2 फोटो एवं आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।
6. रिक्त सीटों की पूर्ति दिनांक 14 जून 2025 तक कर ली जाएगी।
7. आवेदन पत्र का प्रारूप विद्यालय की बेवसाईट www.kspsehore.ac.in पर उपलब्ध है अथवा विद्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र विद्यालय में श्री **राघव सोलंकी** (लिपिक) तथा श्री **अशोक त्रिपाठी** (प्रशासक) को, निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, अंतिम तिथि **25 मई 2025** से पूर्व अनिवार्य रूप से जमा कराना होगा। संपर्क नं. - 8225072171

**प्रवेश प्रक्रिया कार्यक्रम निम्नानुसार है :-**

| क्र. | प्रवेश प्रक्रिया का विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन जमा करने की प्रारंभिक तिथि | कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित वाली दिनांक से |
| 2. | आवदेन जमा करने की अंतिम तिथि | 25.05.2025 |

Principal
Kanya Shiksha Parisar, Sehore
Run By Surya Foundation

प्राचार्य
कन्या शिक्षा परिसर,सीहोर (म.प्र.)
सूर्या फाउण्डेशन द्वारा संचालित